अमर उजाला 22/02/2025

# पेंटिंग स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




जीएमएन कॉलेज में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। कॉलेज

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. अनुपमा सिहाग ने बताया कि यह प्रतियोगिता मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लेकर कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा कॉलेज में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रोफेसर बृजेश ने स्वयंसेवकों को योग के लाभ के बारे में बताया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गांव के लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के लिए विशाल रैली निकाली।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हिंदी विभाग, पंजाबी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव उगाला में प्रश्नोत्तरी सत्र करवाया गया। डॉ. रितु गुप्ता ने कहा कि मातृभाषा ही वह एक सूत्र है जिसके जरिये हमारा परिवेश और समाज हमारे अनुभव का हिस्सा बनता है। संवाद